माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उ०प्र०

MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, U. P.

Website : https://mpublp.ac.in E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**

पत्रांकः माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/600 दिनांकः 21 नवम्बर, 2026

सूचना

समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2026.27 के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरा जाना है। जिसके लिए समर्थ पोर्टल दिनांक **21-11-2026** तक खोला गया था। **महाविद्यालयों से प्राप्त सूचना के क्रम में माननीय कुलपति जी के अनुमोदनोपरांत विश्वविद्यालय आवासीय परिसर तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों (स्नातक एवं परास्नातक कोर्स) प्रथम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा/बैक पेपर/अंक सुधार हेतु एवं तृतीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के अर्ह छात्र/छात्राओं के कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म पूरित करने हेतु समर्थ पोर्टल दिनांक 24-11-2026 तक विस्तारित किया जा रहा है।** समस्त सम्बन्धित छात्र-छात्राओं/महाविद्यालयों से अपेक्षा है कि **दिनांक 24-11-2026 तक कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म पूरित किया जाना सुनिश्चित करें।** छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षाफॉर्म पूरित करने की जानकारी दिये गये ***Flowchart*** के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय अपने स्तर से भी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के अर्ह छात्र/छात्राओं को कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म पूरित करने की सूचना प्रदान करने का कष्ट करें। साथ ही **परीक्षा फार्म पूरित होने के उपरान्त विश्वविद्यालय के पत्रांकः माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/587 दिनांकः 03 नवम्बर, 2026 में दिये गये निर्देश के क्रम में छात्रों का परीक्षा फॉर्म पूरित करते समय परीक्षा शुल्क तथा अन्य देय विभिन्न शुल्कों को संकलित करके सम्बन्धित महाविद्यालय एकमुश्त शुल्क विश्वविद्यालय के समर्थ लॉगिन पर पेमेंट गेटवे के माध्यम से दिनांक 24-11-2026 तक जमा करते हुए शुल्क जमा रसीद (Receipt) की सत्यापित प्रति परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनांक 25-11-2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।**

नोटः- *समस्त महाविद्यालय एवं छात्र/छात्राएं ध्यानपूर्वक सही-सही कोर्स सेलेक्शन करना सुनिश्चित करें। परीक्षा फार्म पूरित होने के बाद कोर्स में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा ।*

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त संकायाध्यक्ष, को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने स्तर से भी छात्र/छात्राओं को उक्त सूचना से अवगत कराने कष्ट करें।
2. सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे परीक्षा फार्म दिनांक 24.11.2026 तक पूरित कराते हुए छात्रों का परीक्षा शुल्क तथा उसके साथ अन्य देय शुल्क संकलित कर सम्बन्धित महाविद्यालय एकमुश्त धनराशि समर्थ पोर्टल के माध्यम से जमा कराते हुए शुल्क जमा रशीद की सत्यापित प्रति ससमय अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।
3. **सम्पादक,** दैनिक जागरण/अमर उजाला/ हिन्दुस्तान/टाइम्स ऑफ इंडिया, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना छात्रहित में निःशुल्क प्रचारित कराने का कष्ट करें।
4. वित्त अधिकारी/कुलसचिव, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर ।
5. डॉ. जितेन्द्र कुमार, नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट एवं सम्बन्धित कालेज के लॉगिन पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ ।
8. कार्यालय प्रति।

परीक्षा नियंत्रक